3 korbaBhoomi -pg1_Layout 1 4/3/2024 11:14 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 अज्ञात ट्रेलर ने दंपती को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति गंभीर, चक्काजाम



## खबर संक्षेप

### कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों को दिया गया उत्पादन लक्ष्य

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड और अनुषांगिक कपंनियों के लिए वित्तीय वर्ष 2024- 25 में उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। सीआईएल के लिए 834.81 मिलियन टन कोयला उत्पादन का टारगेट तय किया गया है। सीआईएल ने खत्म हुए वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 773.64 मिलियन टन उत्पादन किया, जबकि लक्ष्य 780.2 मिलियन टन था। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों को कंपनीवार निर्धारित लक्ष्य दिया गया है। जिसमें एसईसीएल 296.00, बीसीसीएल 45.00, सीसीएल 96.61, ईसीएल 54.00, एमसीएल 225.00, एनसीएल 139.00, डब्ल्यूसीएल 69.00, एनईसी 0.20 और सीआईएल 834.81 मिलियन टन का लक्ष्य दिया गया है।

### काजल का जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**भैसमा।** सरस्वती शिशु मंदिर बरपाली में अध्ययनरत छात्रा कु.



काजल कंवर का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। कु काजल कंवर ग्राम बंधवाभाठा निवासी दिलसिंह कंवर की सुपुत्री है। काजल के नवोदय में चयन होने पर उनके विद्यालय व परिवार में काफी हर्ष व्याप्त है। विद्यालय द्वारा छात्रा काजल को उनके उज्वल भविष्य की कामना व बधाई दिए हैं।

### उद्यान की व्यवस्था में सुधार नहीं, मायूस हो रहे लोग

**कोरबा।** स्वामी विवेकानंद उद्यान में प्रवेश शुल्क लेने के बाद भी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो रहा है। गर्मी बढने लगी है। इससे लोग परेशान होने लगे हैं। लेकिन उद्यान का वेवपूल शुरू नहीं हो सका है और ना ही जर्जर व टूटे हुए झूलों को बदला गया है। इस कारण उद्यान में पहुंचने वाले बच्चे मायूस हो रहे हैं।उद्यान में बच्चों के लिए क्रिकेट प्रेक्टिस के लिए बॉल फेंकने वाली मशीन लगाई गई है। लेकिन यह मशीन भी कंडम हो चुकी है। नेट के अंदर लंबे-लंबे घास उग आए है, लेकिन न तो मशीन का सुधार कराया जा रहा है और ना ही नेट की सफाई कराई जा रही है।उद्यान में एक तरफ शुल्क लिया जा रह है। वहीं दूसरी तरफ सुविधाएं नहीं दी जा रही है।

### ट्रांसफार्मर और टीपी बॉक्स दे रहे हादसों को आमंत्रण

**कोरबा।** शहर के मुख्य मार्गो से लगे ट्रांसफार्मर और उस पर करंट प्रवाहित तार हादसे का कारण बन सकता है। कई स्थानों के ट्रांसफार्मर और टीपी बॉक्स भी खुले पड़े हैं। बावजूद इसके विद्युत विभाग के अफसर इसे व्यवस्थित करने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह स्थिति शहर के तुलसीनगर, पाड़ीमार और दर्री जोन क्षेत्र अंतर्गत के कई स्थानों की है। बिजली आपूर्ति के लिए मुख्य मार्गो के किनारे ट्रांसफार्मर और टीपी बॉक्स लगाए गए हैं। लेकिन कर्मचारियों ने तार व्यवस्थित नहीं किया। इसे लेकर अफसर पर अनदेखी कर रहे हैं। इसमें से अधिकांश करंट प्रवाहित तार जमीन पर लटक रहे हैं, तो कई स्थानों पर टीपी बॉक्स कम ऊंचाई पर हैं और खुले हुए हैं। करंट प्रवाहित तार के आसपास आने का खतरा बना हुआ है।

### फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है।

# बजट में प्रावधान के बाद भी शहरवासियों को नहीं मिली वाईफाई की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निगम क्षेत्र के बस स्टैंड, अस्पताल, कॉलेज, चौपाटी समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर फ्री वाईफाई जोन की व्यवस्था करनी थी। लोगों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर बेहतर सुविधा दिलाने के नाम पर बजट में प्रावधान भी किया गया था, लेकिन अब तक सेवा शुरू नहीं हो पाई है।

लगभग 4 साल पहले नगरीय एवं प्रशासन विकास विभाग द्वारा सभी बड़े नगर निगम को निर्देशित किया गया था कि शहर के ऐसे इलाके जहां युवाओं व आम लोगों की भीड़ ज्यादा जुटती है। उस क्षेत्र को वाईफाई जोन बनाएं जाएं। आम लोगों को निःशुल्क हाइस्पीड वाइफाई मिले। जब काम करने की बारी आई तो गंभीरता नजर नहीं आई। कभी जगह को लेकर आपत्ति तो कभी अन्य तकनीकी समस्याओं का हवाला देकर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। इस तरह देरी की गई। निगम द्वारा ही अब पहल नहीं की जा रही है। निगम के बजट में बीते दो साल से लगातार वाईफाई जोन को शामिल किया जा रहा है। हर साल बजट में 25-25 लाख का प्रावधान भी किया जा रहा है, लेकिन अब तक कहीं भी वाईफाई जोन नहीं बनाया जा सका है। सूत्रों की मानें तो पिछली बार ये समस्या आ रही थी कि टेलीकॉम कंपनी अपने कार्यालय के आसपास ही वाईफाई जोन बनाना चाह रहा है। जिसका वर्तमान मुख्य दफ्तर निहारिका क्षेत्र में है। कंपनी इसी जगह से आसपास के कुछ क्षेत्र को वाइफाई करने की बात पहले भी कह चुका है। जब निगम व टेलीकॉम कंपनी के बीच बातचीत शुरू हुई थी तब यह बात रखी गई थी की आईटीआई क्षेत्र में संचालित एक दर्जन छोटे बड़े शासकीय कार्यालयों में इसकी सुविधा मिलेगी। इसके लिहाज से निगम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्ट्रोरेट परिसर, जिला पंचायत, पीडब्लूडी, जल संसाधन व पीएचई कार्यालय को इसका लाभ मिलेगा। शासकीय कार्य के साथ कर्मियों को भी इसकी सुविधा मिलती। फ्री वाइफाई जोन के लिए शुरू से ही संजीदगी नहीं ली गई। दरअसल यह शुरूआत में ही तय कर लिया जाना था की एक बार में कितने युजर इसका उपयोग कर सकते हैं। इसके आलावा एक बार इसकी सुविधा लेने के बाद यह कितनी देर तक चलेगी।

## बजट में किया गया था प्रावधान, चार साल बाद भी है इंतजार

**खास बात**

- नए बस स्टेंड सहित सुभाष चौक, स्मृति उद्यान में लगाने की थी तैयारी




## सहकारी बैंक की सभी शाखा से 50 हजार से अधिक नहीं मिल रहे किसानों को

# सहकारी बैंक में नकदी का संकट, चेस्ट बैंक से डिमांड के अनुसार नहीं मिल रहा पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहकारी बैंक को उनकी डिमांड के अनुसार चेस्ट बैंक से धन राशि नहीं मिलने के कारण बैंक की सभी 6 ब्रांच से 50 हजार से अधिक की राशि किसानों को नहीं मिल रही है। डिमांड के लिए चेस्ट बैंक प्रबंधन को लगातार पत्र व्यवहार किए जाने के बाद भी नकद का संकट दूर नहीं हो रहा है। बैंक की कोरबा और बरपाली शाखा में सर्वाधिक किसानों का खाता है। जिनकी भीड़ इस समय दोनों ब्रांचों में देखी जा रही है। वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने के कारण किसानों को धनराशि की आवश्यकता पड़ रही है, जो उनकी मांग के अनुसार बैंक प्रबंधन उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

जिले में 43 हजार 412 पंजीकृत किसानों हैं, जिन्हें अंतर की राशि का भुगतान करने के लिए सहकारी बैंक प्रबंधन द्वारा 9 करोड़ की मांग की जाती है। उसकी तुलना में महज 2 करोड़ रूपये ही मिल पा रहे हैं। परिणाम स्वरूप पैसा लेने पहुंच रहे किसानों को 50 हजार से अधिक का भुगतान करने में बैंक प्रबंधन भी हाथ खड़े कर दिए हैं। वहीं सर्वाधिक भुगतान के कारण सहकारी बैंक में भी नकदी का संकट भी गहराया हुआ है। इधर वैवाहिक कार्यक्रम शुरू होने को लेकर सहकारी बैंकों के सभी 6 शाखा में किसानों की भीड़ उमड़ी हुई है। ग्रामीण अंचल के किसान पैसा निकालने बैंकों में उमड़े हुए हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कोरबा जिले के 6 शाखाओं से प्रतिदिन औसतन 1600 से 1800 किसानों के लिए 9 करोड़ रुपए की डिमांड पर चेस्ट ब्रांचों, एसबीआई, पीएनबी की उदासीनता की वजह से 2 से 3 करोड़ रुपए ही मिल रहे। हालात ऐसे हैं कि शादी ब्याह के सीजन में किसानों को 50 हजार से अधिक की राशि नहीं मिल रही। किसानों को वैध दस्तावेज दिखाने पर ही इससे अधिक की राशि दी जा रही। यहां बताना होगा कि चुनावी वर्ष में इस साल आदिवासी बाहुल्य कोरबा जिले के 43 हजार 412 पंजीकृत किसान हैं, जिनके द्वारा जिले की 41 समितियों के 65 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से रिकार्ड 28 लाख 67 हजार 331 क्विंटल का धान बेचा था। 2183 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कुल खरीदे गए धान की कीमत 625 करोड़ 93 लाख 84 हजार 882 रुपए की थी। इसके अतिरिक्त 3100 रुपए की दर से भुगतान करने के शेष राशि 917 की दर से 262 करोड़ 93 लाख 42 हजार 527 रुपए का बोनस (अंतर की राशि) किसानों के खाते में अंतरित कर दी गई। जिला सहकारी बैंक का खाता पिछले 50 सालों से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में खुला हुआ है, इस उम्मीद के साथ कि चेस्ट ब्रांच होने के कारण वो मांग अनुरूप कैश की व्यवस्था कर शासकीय महत्व के सबसे महत्वपूर्ण कार्य में सहभागिता सुनिश्चित कर सकें, लेकिन एसबीआई एवं पीएनबी चेस्ट ब्रांच जिला सहकारी बैंक को कैश की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं करा पा रहे, जिसकी वजह से बैंक को एक्सिस बैंक के साथ साथ आईडीबीआई बैंक (जहां वर्तमान में जिला सहकारी बैंक का खाता है) से कैश की व्यवस्था करनी पड़ रही। जहां से मांग अनुरूप राशि का 30 प्रतिशत राशि ही मिल रही। ब्रांच मैनेजर सरिता पाठक ने बताया कि प्रतिदिन 1600 से 1800 किसान जिले के सभी 6 शाखाओं में धान की राशि निकालने पहुंच रहे। इनमें करीब 1 हजार से अधिक किसान सबसे बड़े ब्रांच बरपाली एवं कोरबा में ही आ रहे। लेकिन मांग अनुरूप कैश 30 से 40 प्रतिशत ही मिल रही। मंगलवार को 9 करोड़ की डिमांड भेजी गई थी लेकिन महज 2 करोड़ ही कैश की व्यवस्था एक्सिस बैंक ने उपलब्ध कराई, आईडीबीआई का लिंक फेल होने की वजह से मांग अनुरूप राशि ही नहीं मिल सकी।

**खास बात**

- वैवाहिक कार्यक्रम के लिए खाते से पैसा निकालने पहुंच रहे किसान



बैंक में अपनी बारी का इंतजार करते किसान।

### की जा रही डिमांड

बैंक में अंतर की राशि लेने के लिए किसानों की संख्या सर्वाधिक है। जितनी राशि की आवश्यकता भुगतान के लिए किसानों को है उसके लिए चेस्ट बैंक को डिमांड लेटर भी दिया जा रहा है, किंतु डिमांड के हिसाब से राशि नहीं मिलने के कारण पूरा भुगतान करने में बैंक के सामने दिक्कत आ रही है। चेस्ट बैंक से अधिक राशि की डिमांड की जा रही है। **-सरिता पाठक,** ब्रांच मैनेजर, सहकारी बैंक, कोरबा शाखा

# जेल से जमानत पर रिहा युवक के कब्जे से देसी पिस्टल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हत्या के मामले में सेंट्रल जेल से जमानत पर रिहा हुआ एक बदमाश अपने साथी के साथ शराब दुकान में देशी कट्टा लहरा रहा था जब पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस की टीम ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल व 4 नग जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब दुकान रामपुर के पास दो व्यक्ति नशे कि हालत में है और उनके द्वारा पिस्टलनुमा हथियार रखा गया है। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सायबर सेल तथा थाना सिविल लाईन रामपुर की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी जहां सिंचाई कालोनी निवासी मनोज यादव उर्फ भतखऊआ उम्र 28 वर्ष पिता स्व. श्यामरथ यादव, भदरापारा थाना बालको नगर निवासी दिनेश सोनी उम्र 37 वर्ष पिता स्व. नेतालाल सोनी के कब्जे से 1 नग लोहे का पिस्टलनुमा 7.65 एमएम का देशी हथियार तथा 4 नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपी पूर्व मे गंभीर अपराधों के आरोपी हैं जिसमे आरोपी मनोज यादव उर्फ भतखऊआ चौकी मानिकपुर के हत्या के मामले मे आजीवन कारावास का सजायाप्ति है जो कि बिलासपुर सेंट्रल जेल से जमानत पर है। इस कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविन्द्र मीना के नेतृत्व मे कोरबा सायबर सेल प्रभारी सउनि. अजय सोनवानी, थाना सिविल लाईन रामपुर प्रभारी उनि. सुमनलाल पोया, सउनि ललित जयसवाल, आर. संदीप भगत, सायबर सेल से प्र.आर. गुनाराम सिन्हा, आर. प्रशांत सिंह, आर. आलोक टोप्पो, आर विरकेश्वर प्रताप सिंह का योगदान रहा।

**खास बातें**

- साइबर सेल व सिविल लाइन पुलिस की टीम ने दी थी दबिश
- 4 नग जिंदा कारतूस भी किया गया है बरामद




पकड़े गए आरोपी।

# रॉयल्टी की चोरी करने वाले एक दर्जन वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेत व गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन करने वाले तस्करों के खिलाफ खनिज विभाग की टीम एक्शन में आ गई है और लगातार इनके खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। पिछले दो दिनों के दौरान खनिज विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में रॉयल्टी की चोरी करने वाले एक दर्जन गाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही की है। इस कार्यवाही के बाद से इस अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

कलेक्टर अजीत बसंत के निर्देश पर उपसंचालक खनिज विभाग प्रमोद कुमार नायक द्वारा खनिज का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने का फरमान जारी किया गया है और इस कड़ी में उप खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम द्वारा शहर के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापामारी की कार्रवाई की जा रही है। जहां रॉयल्टी की चोरी करने वाले लोगों की धरपकड़ शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि गौण खनिज रेत की रायल्टी की चोरी की रोकथाम के लिए खनिज अमला द्वारा भ्रमण के दौरान उरगा, कनकी, कुरूडीह, बरमपुर, ईमलीडुग्गु भिलाईखुर्द, बाल्को आदि स्थानों में दबिश देकर कुल 11 प्रकरण अवैध परिवहन दर्ज किया जा चुका है। जिसमें से गौण खनिज रेत के 6 प्रकरण दर्ज कर 1 लाख 32 हजार 693 रुपए एवं गौण खनिज पत्थर गिट्टी के 5 प्रकरण में 2 लाख 1 हजार 414 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। उक्त प्रकरणों में वाहनों को जप्त कर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 संशोधित छग गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 (5) व छग (खनन, परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 के तहत कार्यवाही की गई है।



जप्त किए गए वाहन।

# प्रशासन ने रुकवाया नाबालिगों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वैवाहिक कार्यक्रमों का मौसम आते ही ग्रामीण अंचलों में विवाह शुरू होने लगे हैं। इस दौरान नाबालिगों के विवाह भी करा दिए जाते हैं, जिसे लेकर जिला प्रशासन पहले से ही अलर्ट रहता है। उसके द्वारा ऐसे ही नाबालिगों का विवाह रूकवाने की कार्यवाही मंगलवार को की गई।

जानकारी के अनुसार बांगो थाना अंतर्गत मंगलवार की शाम 4 बजे डायल 112 टीम को 15 साल की नाबालिग लड़की की शादी की शिकायत मिली। गांव के ही 19 साल के लड़के के साथ हो रही है। सूचना मिलने पर चाइल्ड लाइन और महिला बाल विकास की टीम पहुंची और शादी रुकवाई। पूरा मामला बागों थाना क्षेत्र का है। इस दौरान टीम ने परिजन, ग्राम के सरपंच, जनपद और वरिष्ठजनों को समझाइश दी। उन्होंने कहा कि लड़का लड़की दोनों की उम्र कानूनन शादी के लायक नहीं है। विवाह के लिए युवती की उम्र 18 और वहीं लड़के की उम्र 21 साल निर्धारित है। जब तक दोनों बालिग नहीं होते शादी अपराध की श्रेणी में आता है। इसके ⏭ शेष पेज 3 पर



कार्यवाही के दौरान उपस्थित पुलिस व विभागीय अधिकारी।

## बालको एटक का आयोजित हुआ वार्षिक सम्मेलन

# सम्मेलन में नई कार्यकारिणी को दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) से संबद्ध है एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन का 50वां वार्षिक सम्मेलन एटक कार्यालय बालको में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष मंडली की घोषणा की गई। जिसमें महेश बनाफर, हरिनाथ सिंह, एमएल रजक, एसके सिंह अध्यक्ष मंडली में शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राज्य एटक के महासचिव द्वारा झंडा तोलन किया गया उसके बाद शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चांपा से एटक के वरिष्ठ नेता कामरेड महेश बनाफर शामिल हुए। स्वागत समारोह के बाद एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन (एटक) के महासचिव के द्वारा वर्ष 2023 का रिपोर्ट पेश किया गया और उस रिपोर्ट में 10 मुद्दों को लेकर आंदोलन करने की भी बात कही गई है। बालको एटक के महासचिव सुनील सिंह ने कहा कि एल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन का 50वां वार्षिक सम्मेलन के साथ-साथ इस यूनियन का 50 वर्षगांठ भी है। बालको एटक के महासचिव सुनील सिंह के द्वारा पेश किए गए रिपोर्ट का सभी साथियों ने समर्थन किया और कहा कि बालको कारखाना में आज ठेका श्रमिकों को जो भी वेतन सुविधा मिल रही हैं वह सभी एटक यूनियन की देन है और सभी ने एटक को मजबूत करने के लिए कहा। छत्तीसगढ़ राज्य एटक के महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह ने रिपोर्ट का समर्थन करते हुए कहा की मजदूर और किसानों पर सबसे ज्यादा हमले शोषण केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने बहुत सारे वादे किए हैं लेकिन 10 साल पूर्ण होने के बाद भी उन वादों पर खरा नहीं उतरा, केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई का सहारा लेकर विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर झूठे केस में फंसा कर जेल में डलवाया जा रहा है। ऐसी सरकार को आने वाले लोकसभा चुनाव में हमें सत्ता से उखाड़ फेंकना है। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष मंडली के द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें अध्यक्ष एसके सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष एमएल रजक, उपाध्यक्ष हरिनाथ सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, रामायण यादव, संतोषी बरेठ, महासचिव ⏭ शेष पेज 3 पर



सम्मेलन में उपस्थित श्रमिक संघ के सदस्य।

# 46 नग बैलों की तस्करी करते 6 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



पकड़े गए आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

46 नग बैलों को अवैध रुप से तस्करी करते हुए 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जो रात के अंधेरे में चोरी चुपके से बैलों को खपाने के ले जा रहे थे कि इस बीच पुलिन ने छापा मारकर आरोपियों को धरदबोचा। करतला पुलिस को बीती रात मुखबीर से सूचना मिली कि अधिक मात्रा में पशु तस्करों द्वारा पशु (बैल) को ग्राम बड़मार रास्ते से होकर ले जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी निर्देश पर करतला थाना प्रभारी आशीष सिंह व उनकी टीम द्वारा ग्राम बड़मार के पास घेराबंदी कर 46 बैलों को बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने सिसरिंगा रायगढ निवासी कैलास यादव, कुदरीपारा धरमजयगढ निवासी रामकुमार कुम्हार, सरगबुंदिया उरगा निवासी दरसराम यादव, काडरो बागबहार निवासी नानसाय, सिसरिंगा रायगढ़ निवासी भरोस राम ⏭ शेष पेज 3 पर

3 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 4/3/2024 11:00 PM Page 1





# अल्लू के बर्थडे पर आउट होगा पुष्पा 2 का टीजर

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कुछ दिनों बाद अपना 42वां बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। इस मौके को और खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है। मंगलवार को पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा की गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करने हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के बर्थडे यानी 8 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्ट की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है।

## लाइफ Style

# सामंथा

## एटली की अपकमिंग मूवी में एंट्री

क्या आप साउथ के तीन जाने-माने चेहरों की तिकड़ी को साथ में देखना चाहते हैं? ये तिकड़ी है शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली, 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन और फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है।

प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'पुष्पाः द राइज' फिल्म में सामंथा का आइटम सॉन्ग था, जो खूब पॉप्युलर हुआ था। सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले 'थेरी' फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है।



## हॉलीवुड मसाला



# ट्रैक सूट में दिखा कूल लुक

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स को उनके रिस्की और डेरिंग आउटफिट्स के लिए जाना जाता है। लो-राइज जींस हो या कोई क्लासिक लेदर आउटफिट एक्ट्रेस हर ड्रेस को अपने ही स्टाइल में कैरी करती हैं। हाल ही में जूलिया फॉक्स की एयरपोर्ट से कुछ तस्वीरें सामने आई, जिसमें उनका कूल लुक देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में जूलिया फॉक्स ब्लू कलर के वेलवेट ट्रैक सूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, शेड्स से लुक को पूरा किया है। एयरपोर्ट पर हसीना स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं।



# ट्रोलिंग से परेशान लिज्जो ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर-सॉन्गराइटर लिज्जो ने अपने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 35 वर्षीय सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा नोट शेयर किया और कहा कि वह लोगों द्वारा किए जाने वाले इंटरनेट ट्रोलिंग से थक गई हैं। लिज्जो ने लिखा, मैं बस अच्छा म्यूजिक बनाना चाहती हूं, ताकि लोगों को खुश कर सकूं और दुनिया को जैसा मैंने पाया, उससे थोड़ा बेहतर बनाने में मदद कर सकूं। लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि दुनिया मुझसे ऐसा नहीं चाहती। मैं लगातार मेरे बारे में बोले जाने वाले झूठ का विरोध करती हूं। मैं कैसी दिखती हूं, इसको लेकर हर बार मजाक बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके करेक्टर को वो लोग गलत ठहरा रहे हैं, जो उन्हें जानते तक नहीं और उनके नाम को बदनाम कर रहे हैं। हालांकि, सिंगर ने यह नहीं बताया कि इस पोस्ट के पीछे क्या कारण है, लेकिन कमेंट सेक्शन में उनके दोस्त और फैंस उत्साहवर्धक कमेंट कर रहे हैं।




# क्रू ने किया 30 करोड़ का आकड़ा पार

**मुंबई।** फिल्म 'क्रू' ने 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इस फिल्म को रिलीज के साथ ही बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। मूवी में तीनों हसीनाओं ने अपनी एक्टिंग का ऐसा जादू बिखेरा की फिल्म ने महज तीन दिनों में ही शानदार कमाई कर डाला। ऐसे में अब 'क्रू' के चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। 'क्रू' में करीना, तब्बू और कृति ने एयर होस्टेस का रोल निभाया है। तीनों की तिकड़ी ने ऑडियंस को जमकर एंटरटेन तो किया ही है साथ ही खूब हंसाया भी है। चार दिन में फिल्म की कुल कमाई 30.78 करोड़ रुपए हो गई है। क्रू भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रही है, लेकिन इसके सामने कई बड़ी फिल्में मुकाबले के लिए खड़ी हैं। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' भी सामने खड़ी है।



# मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काफी समय से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस ट्रेलर देखकर काफी खुश हैं और अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रियमणि से, जो कहती हैं वैसे पूरी इंडिया में किसी को नहीं लगता कि हम जीते हैं पर आपको लगता है। कब? इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय भारत के लिए एक फुटबॉल की टीम तैयार कर रहे हैं। वह चुन-चुनकर खिलाड़ी लेकर आते हैं जहां मैनेजमेंट से भी उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। देश का नाम रोशन करने के बीच अजय के खिलाफ जब पूरी दुनिया हो जाती है तो कैसे वह लड़ते हैं यही मैदान की कहानी है। ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# पूजा की लाइफ में प्यार की एंट्री रोहन मेहरा संग स्पॉट हुई एक्ट्रेस

**मुंबई।** एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी निजी जिंदगी के मामले में लो प्रोफाइल रहती हैं। लेकिन वो इस बार कथित बॉयफ्रेंड रोहन मेहरा के साथ स्पॉट की गईं। दोनों की तस्वीरें मुंबई के बांद्रा में पपाराज़ी ने लीं। पूजा और रोहन को एक ही कार में साथ जाते हुए भी देखा गया। पूजा कथित तौर पर पिछले कुछ समय से रोहन को डेट कर रही हैं। वह दिवंगत एक्टर विनोद मेहरा के बेटे हैं। रोहन ने 2018 में सैफ अली खान के साथ 'बाजार' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। रोहन का नाम पहले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' स्टार तारा सुतारिया के साथ जोड़ा गया था। हालांकि, मई 2019 में दोनों के अलग होने की खबरें आने लगीं। 2023 में पूजा तब सुर्खियों में आईं जब कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह मुंबई के एक क्रिकेटर को डेट कर रही हैं और जल्द ही उनके साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। एक्ट्रेस ने इन अफवाहों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया। पिछले महीने पूजा मिस वर्ल्ड 2024 के ग्रैंड फिनाले में जजों में से एक थीं। पपाराज़ी के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लाइफ सर्कल पूरा हो गया है क्योंकि मैं कॉम्पटिशन में रनर अप रही थी, लेकिन आज मैं इसे जज कर रही हूं। वर्कफ्रंट पर, पूजा को आखिरी बार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था।



# मोहिना कुमारी के घर गूंजी नन्हीं शहजादी की किलकारी



**मुंबई।** टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता फेम मोहिना कुमारी सिंह के घर हाल ही खुशियों ने दस्तक दी है। मोहिना कुमारी का घर आखिरकार किलकारियां गूंज उठी है। एक्ट्रेस ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। बता दें कि अभी तक खुद मोहिना ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी अपने फैंस को नहीं दी है। इस बारे में हालांकि अभी और जानकारी सामने नहीं आ पाई है हालांकि उनके फैन पेज ने मोहिना के दूसरी बार मां बनने की खबरों को लेकर कई पोस्ट किए हैं। देखना होगा कि अदाकारा के परिवार से ये न्यूज कब तक कंफर्म हो पाती है। मोहिना ने 14 अक्टूबर 2019 को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश रावत के साथ शादी रचाई थी। उस समय इस शाही शादी की चर्चा पूरे देश में हुई थी। शादी के करीब ढाई साल बाद कपल ने 15 अप्रैल 2022 एक प्यारे से बेटे का स्वागत किया, जिसका नाम उन्होंने रेयांश रखा है। वहीं अब कपल दूसरी बार पेरेंट्स बना। फिलहाल हमें एक्ट्रेस की बेटी की तस्वीर का इंतजार है। हम मोहिना और सुयश रावत को बच्चे को ढेर सारी बधाई देते हैं।

# 2025 में आएगा फर्जी का सीक्वल



**मुंबई।** शाहिद कपूर ने 'फर्जी' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर खूब धूम मचाई। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया। वहीं फैंस इस सीरीज़ के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच 'फर्जी 2' की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। इसमें बताया गया कि फर्जी 2 अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। वहीं शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में फर्जी के सीक्वल को लेकर कहा था, तो निश्चित रूप से फ़र्ज़ी का दूसरा सीज़न आएगा। जिस तरह से इस सीरीज़ का पहला पार्ट खत्म हुआ था वह काफी अच्छा था। इसलिए बहुत कुछ होने की संभावना है। हालांकि मैंने अभी तक ओटीटी के लिए किसी भी चीज़ के लिए हां नहीं कहा है, लेकिन फर्जी 2 ज़रूर बनेगी। बता दें फर्जी वेब सीरीज में विजय सेतुपति एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आए थे, जबकि शाहिद कपूर ने एक चोर की भूमिका निभाई थी, जिसने सभी को चौंका दिया था। इस सीरीज में शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के अलावा केके मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा भी नजर आए थे।




# टॉक्सिक में नजर आएंगी करीना और कियारा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है। अब कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि तीन-तीन हसीनाएं होंगी, जिनमें से दो का नाम भी फाइनल हो गया है। ये दो हसीनाएं बॉलीवुड से चुनी गई हैं। इनका नाम करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, टॉक्सिक में तीन-तीन लीडिंग एक्ट्रेसेस होंगी। बोर्ड में करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को शामिल कर लिया गया है। मेकर्स जल्द ही इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी करने वाले हैं। सूत्र ने ये भी खुलासा किया है कि करीना फिल्म में यश की बहन का रोल करने वाली हैं। अगर ऐसा होता है तो करीना इस फिल्म से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। बताया जा रहा है कि ये फिल्म ड्रग कार्टेल पर बेस्ड है, जो गोवा में समंदर के किनारे धड़ल्ले से चल रहा है। हाल ही में फिल्म के सेट से एक फोटो और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यश डायरेक्टर के साथ शूटिंग और लोकेशन को लेकर प्लानिंग बना रहे थे। इस फिल्म को रिलीज होने में अभी काफी वक्त है। कहा जा रहा है कि ये अगले साल 2025 में रिलीज हो सकती है।

## सलीम ने कर दी थी संजीव की तारीफ, खफा हो गए थे राजेश, बंद कर दी बातचीत

# संजीव कुमार के कारण आ गई थी सलीम खान और राजेश खन्ना की दोस्ती में खटास

**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार राजेश खन्ना के रुतबे और रौब की कई कहानियां सुनने को मिल जाती हैं। फैंस के दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना किसी के आगे झुकने वालों में से नहीं थे। कई बार काका का ये रवैया उनके रिश्तों के बीच भी आया। ऐसा ही एक किस्सा राजेश खन्ना का सलीम खान से जुड़ा हुआ है, जब संजीव कुमार की तारीफ करने पर वो नाराज हो गए थे। राजेश खन्ना और सलीम खान के बीच गहरी दोस्ती रही थी।



### कैसे शुरू हुआ किस्सा

राजेश खन्ना और सलीम खान की दोस्ती में खटास तब आ गई थी, जब एक मैग्जीन में संजीव कुमार का आर्टिकल छपा और उसमें सलीम खान का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, एक बार राजेश खन्ना बांद्रा के महबूब स्टूडियो में अपनी किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान उनके हाथ एक मैग्जीन लगी, जिसने संजीव कुमार पर कवर स्टोरी की थी, इसमें सलीम जावेद ने उनकी तारीफ की थी और उन्हें एक मंझा हुआ कलाकार बताया था।

### सलीम को भेजा बुलावा

राजेश खन्ना ने मैग्जीन पड़ते ही अपने ड्राइवर से सलीम खान को लेकर आने के लिए कहा। उनका घर महबूब स्टूडियो के पास ही था। ड्राइवर उन्हें लेने पहुंचा और कहा कि काका ने आपको बुलाया है। इस पर सलीम खान ने कहा कि ठीक है मैं तैयार होकर आता हूं, लेकिन ड्राइवर ने जोर देते हुए कहा कि अभी चलना होगा काका ने तुरंत बुलाया है।



### सलीम से रूठे काका

राजेश खन्ना ने सलीम जावेद से पूछा तो आपको लगता है कि संजीव कुमार एक अच्छे अभिनेता हैं ? जवाब देते हुए सलीम खान ने कहा-हां, बिल्कुल। अगर कोई मैग्जीन आप पर कवर स्टोरी करेगा, तो मैं आपकी भी तारीफ करूंगा। इतना सुनते ही राजेश खन्ना उठे और वहां से चले गए। इसके बाद 6 महीनों तक उन्होंने सलीम खान से कोई बात नहीं की और राब्ता खत्म कर दिया।

3 korba-bhoomi pg3_Layout 1 4/3/2024 11:22 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### लाखों का सोलर पंप ले उड़े चोर, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंदरकोना निवासी धनीराम निर्मलकर पिता स्व. सीताराम निर्मलकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मां श्रीमती धनकुंवर बरेठ उम्र लगभग 75 वर्ष पति स्व. सीताराम के नाम की भूमि ग्राम-बेंदरकोना में है। जहां धनकुंवर बरेठ के नाम पर सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पम्प की स्थापना की गई थी एवं कृषि प्रयोजन हेतु बोर की स्थापना भी की गई थी। 30 मार्च की रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोलर पम्प व पैनल क्षतिग्रस्त करते हुए मोटर पम्प, पाईप, केबल, वायर, पेनल वायर, अर्थिंग पोल, मोटर सर्वोटिंग केबल, पेनल एंगल, माड्यूल की चोरी कर ली गई है। उक्त क्षति हुई व चोरी हुई सामाग्रियों की कीमत लगभग 2 लाख रुपये है। धनीराम निर्मलकर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

### स्वच्छता अभियान के तहत नालियों की हो रही साफ सफाई

**कोरबा।** जिले के वार्डों में मुख्य मार्ग से लगे व्यवसायियों व आवासीय मकानों में निगम द्वारा बनाए गए नालियों की आधुनिक तरीके से साफ सफाई हो रही है। जिससे क्षेत्रवासियों नाली जाम की समस्या में बड़ी राहत है। इसी कड़ी में सर्वमंगला जोन अंतर्गत वार्ड 58 व 59 में एमआईसी मेंबर और पार्षद अमरजीत के देखरेख में अत्याधुनिक मशीन एक्सीवेटर से नाली की साफ सफाई की जा रही है। नाली जाम को लेकर क्षेत्र के लोगों में कई वर्षो से शिकायत थी, जिसे देखते हुए सर्वमंगला जोन के अधिकारी कर्मचारी मशीन लेकर उतरे और नाली की सफाई करते नजर आ रहे हैं। सफाई का यह कार्य बीते एक सप्ताह से चल रहा है। प्रथम चरण में शिवमन्दिर चौक हनुमान मंदिर से शुरू होकर बजरंग पारा तक चली। वहीं गेवरा रोड स्टेशन से आगे इमलीछापर की दिशा में सफाई किया गया। साफ सफाई के दौरान कई स्थानों नाली के ऊपर स्लैब तोड़ने को लेकर विवाद की भी स्थिति उत्पन्न हुई, जिस पर पार्षद अमरजीत सिंह ने लोगों को सफाई की महत्ता को बताया और समझाया, जिसके बाद विवाद सुलझा और साफ सफाई का काम निरंतर चल रहा हैं। निगम की ओर से सफाई का काम सुगमता से कराने में प्रमुख रूप से निरीक्षक उत्तम दास महंत, पर्वेक्षक सत्रुघन,सुपर वायजर विक्की, मशीन चालक और कर्मचारी हैं।

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन 18 तक

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल निर्धारित है। इसके साथ ही आवेदन के पश्चात त्रुटि सुधार हेतु 19 अप्रैल से 26 अप्रैल तथा प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की तिथि 18 मई निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/लाफा पाली/पोड़ी-उपरोड़ा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में संपर्क किया जा सकता है।

## निधन

### कंचनबाई जैन



**कोरबा।** नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक शीलचन्द्र जैन की माता श्रीमती कंचनबाई जैन (92 वर्ष) का निधन हो गया है। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार 4 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे श्री जैन आवासगृह एमआईजी 2/88 से निकलेगी और पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत कराया गया था मरम्मत कार्य

# दर्रीपारा स्कूल घटना के बाद मरम्मत कार्य करने वाले ठेकेदारों के भुगतान पर ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पसान क्षेत्र अंतर्गत दर्रीपारा प्राथमिक शाला में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत किए गए छत मरम्मत कार्य किया गया था, जो तेज आंधी से शेड के छत उड़ने की घटना के बाद ग्रामीण यांत्रिकी विभाग ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जितने भी स्कूलों में मरम्मत के कार्य किए गए हैं उन सभी के भुगतान पर रोक लगा दी गई है और गुणवत्ता और कार्यों के मूल्यांकन के बाद ही भुगतान किए जाने के निर्देश दिए हैं।

20 मार्च को कोरबा जिला के अंतर्गत माध्यमिक शाला दर्रीपारा में मध्यान्ह भोजन के दौरान प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान के कारण कलेक्टर अजीत वसंत ने उक्त घटना की जांच के निर्देश ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए थे। जिसमें निर्माण कार्य के दौरान बरती गई लापरवाही और उपयोग में लायी गई सामाग्री एवं कार्य की गुणवत्ता जांचने जैसे बिंदु शामिल है। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग ने उक्त सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। स्कूल के शेड बनाने का कार्य राज्य शासन की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत लगभग 5 लाख की राशि से किया गया था। जांच होने तक आरईएस ने सभी स्कूलों में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत हुए कार्यों का भुगतान रोक दिया है। जिसे लेकर ठेकेदारों में भी रोष है। इधर विभाग का कहना है कि शिक्षा विभाग के द्वारा दिए गए प्रस्ताव के आधार पर मरम्मत के लिए जो स्कूलों की सूची दी गई थी वहां मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत कार्य कराए गए हैं। उनका मूल्यांकन और गुणवत्ता की जांच के बाद भुगतान की जाएगी। यहां बताना जरूरी होगा कि शिक्षा विभाग को ही 3 करोड़ रूपये की राशि इस कार्य के लिए जारी की गई थी। भुगतान रोके जाने को लेकर ठेकेदारों ने कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें भुगतान किए जाने की मांग की है। ठेकेदार अतुल जायसवाल, निरंजन कुमार, संतोष श्रीवास, अमित पालीवाल, मनोज अग्रवाल, आरजे कंस्ट्रक्शन संतोष अग्रवाल, मां भवानी कंस्ट्रक्शन, बीजी इंटरप्राईजेय, मे. गर्ग कंस्ट्रक्शन ने कहा है कि 3 दिवस के भीतर भुगतान नहीं होने की स्थिति में न्यायालय की शरण में जाने हेतु स्वतंत्र होंगे।

### स्काउट गाइड्स ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अपने घर-परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# हार का डर ऐसा, बिगड़ने लगे चरणदास के बोल : देवांगन



पत्रकारवार्ता में उपस्थित उद्योग मंत्री लखन देवांगन, जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस की हार अब उनके बयानों में साफ तौर पर दिखने लगी है। कभी अपने कार्यकर्ताओं को जूते मारने की बात कर रहे हैं तो कभी देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ भी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने टीपी नगर में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि कहा कि पांच साल से जनता से दूरी और कमीशनखोरी की वजह से यहां की सांसद को जनता ने इस बार पूरी तरह से बेदखल करने का ठान लिया है। सांसद के पति डॉ चरणदास महंत अपनी सरकार में विधानसभा अध्यक्ष थे, इनको विकास करने के लिए किसने रोका था। अब महंत परिवार जब जनता के बीच जा रही है, तो उनको विरोध का का सामना करना पड़ रहा है। इसी विरोध की वजह से अब नेता प्रतिपक्ष उलजलूल बयान दे रहे हैं। उनको अपनी अब तक की सबसे बड़ी हार का डर सता रहा है। कोरबा की आवाज बीते 5 साल में कोरबा से आगे नहीं जा सकी, वजह यहां की सांसद ज्योत्सना महंत की कोरबा से गायब रहना, कोई जनप्रतिनिधि लोगों के बीच रहेगा ही नहीं तो उसे समस्या कैसे पता होगा, सरोज दीदी के जितने के बाद दिल्ली तक वो हमारी आवाज बनकर जाएंगी, आपकी जो भी समस्या होगी वह तत्काल पूरी होगी। इस दौरान डॉ राजीव सिंह, जोगेश लांबा, नरेंद्र देवांगन, गोपाल मोदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मनहर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, मंझवार व प्रजापति कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने जिले के दो ब्लॉको में ब्लॉक अध्यक्ष और 3 ब्लॉको में कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है।

कोरबा ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायवाल ने बताया कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बांकीमोंगरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के निधन के बाद से ही ब्लॉक अध्यक्ष का पद रिक्त था। जिसमें बांकीमोंगरा ब्लॉक कांग्रेस हेतु टीकाराम मनहर को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं दीपका ब्लॉक कांग्रेस में रामकुमार कंवर को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत करतला ब्लॉक कांग्रेस हेतु श्रवण राठिया को एवं कोरबा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस हेतु रामायण सिंह मंझवार को तथा बरपाली ब्लॉक कांग्रेस में श्रीराम प्रजापति को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन सबके नियुक्ति से रामपुर व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी में हर्ष व्याप्त है। रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर सहित अन्य नेताओं ने हर्ष जताया।

# बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्र में रहेगी व्हील चेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर एवं एसपी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अजीत वसंत ने नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करेंगे एवं मतदान केंद्रों में मतदाताओं को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाए। इसके साथ ही मतदान दलों को समय पर सामग्री वितरण और मतदान पश्चात सामग्री वापसी निर्धारित काउंटरों पर करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सभी आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरने के विषय में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान दल एवं बीएलओ के लिए ईडीसी जारी करने, पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट जारी करने, अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से वोटिंग कराने, पोस्टल बैलेट बॉक्स हेतु अतिरिक्त स्ट्रांग रूम कोषालय की सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता सूचना पर्ची, रूट चार्ट, नामांकन कक्ष में सीसीटीवी, साउण्ड सिस्टम, माइक की व्यवस्था, सामग्री वितरण, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल का प्रशिक्षण तथा ईवीएम मशीनों-मतदान दलों के रेण्डमाइजेशन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग एवं वरिष्ठजन मतदाताओं हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, डीएफओ अरविंद पीएम, नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर दिनेश नाग, अनुपम तिवारी सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने निर्वाचन कार्यों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बाहर से आने वाली सुरक्षा बलों के ठहरने तथा चिन्हांकित स्थानों में पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# मोदी को लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड



अवार्ड प्राप्त करते अशोक मोदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के तत्वाधान में 31 मार्च को आयोजित रीजन कान्फ्रेन्स लक्ष्य कार्यक्रम में रीजनल चेयरमेन पवन शर्मा के द्वारा लायन एमजेएफ मेम्बर एवं व्यवसायी, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यकर्ता अशोक मोदी को लाईफ टाईम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में वाणिज्य व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, एमजेएफ लायन राजेन्द्र तिवारी, पीएमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल, एमजेएफ लायन बसंत मिश्रा, एमजेएफ लायन एमडी माखीजा, एसपी अग्रवाल, अरूण मिश्रा के साथ बडी संख्या में लायंस क्लब आर्फ कोरबा, लायंस क्लब आर्फ बाल्को, लायंस क्लब आर्फ छूरी, लायंस क्लब आर्फ एनटीपीसी जमनीपाली, लायंस क्लब आर्फ कोसाबाडी उरजा, लायंस क्लब आर्फ चाम्पा, लायंस क्लब आर्फ बरेडीमुडी एवं जियो क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। श्री मोदी ने लाईफ टाईम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किये जाने पर सभी लायन बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस संस्था से जुडकर उन्हें सदैव सामाजिक कार्यों को करने की प्रेरणा मिली है एवं आज वे इस संस्था एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से समाजहित एवं राष्ट्रहित में कार्य कर संस्था के नाम को रोशन किया है।

# परियोजनाओं में अधिकारी नहीं, योजना की संचालन रफ्तार धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




महिलाओं एवं बच्चों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी उठाने वाला महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजनाओं के संचालन में कर्मचारियों की कमी झेल रहा है। 2650 आंगनबाड़ी केन्द्र 10 परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित है। इनमें 5 परियोजना बीते दो वर्ष से अधिकारी विहीन है। सुपरवाईजर इनका कामकाज संभाल रहे हैं।

**खास बात**

- महिला एवं बाल विकास विभाग की 10 परियोजनाओं में 5 प्रभार के भरोसे

राज्य और केन्द्र सरकार के साथ-साथ यूनिसेफ के गाइड लाइन को लेकर कुपोषण मुक्त अभियान के साथ वजन त्यौहार सुपोषण पखवाड़ा, टीकाकरण, प्रचार-प्रसार जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजनाओं के माध्यम से किया जाता है। जिनके अंतर्गत मिनी आंगनबाड़ी और पुराने आंगनबाड़ी कुल 2650 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन शामिल है। 10 परियोजनाएं जिले के पांच विकासखंड में संचालित है, इनमें से पांच परियोजना ऐसे हैं जिनमें दो वर्ष से परियोजना अधिकारी के पद खाली हैं। परियोजना अधिकारी की भर्ती हेतु सितंबर 2023 में शासन स्तर से तैयारियां की गई थी, लेकिन चुनाव चार संहिता का जो ग्रहण लगा जो अब तक जारी है। विधानसभा चुनाव के पूर्व से अटकी भर्ती के विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार बनने से शुरू होने की संभावना नजर आई थी, किंतु वित्तीय बजट के बीच सत्र में वित्त विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी और अब चूंकि राज्य सरकार अपना बजट पेश कर चुकी है। जिसमें नए पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने के दरवाजे खुल गए हैं। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के बाद जिन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी हुए थे उन पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**पाली और पसान बड़ी परियोजनाएं**

पाली विकासखंड की पाली परियोजना और पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड की पसान परियोजना विभाग की बड़ी परियोजनाओं में शामिल है। परियोजना अधिकारी के पद रिक्त होने से इनमें योजनाओं का संचालन और केन्द्रों का निरीक्षण ठप पड़ा हुआ है, जबकि ग्रामीण अंचल होने के कारण दोनों परियोजनाओं के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन दूरदराज पहाड़ी दूरस्था ग्रामीण अंचलों में हो रहा है। ऐसे में परियोजना का अधिकारी विहीन होना योजनाओं के संचालन में दिक्कतें खड़ी कर रहा है। प्रभार संभालने वाले सुपरवाईजरों को वित्तीय अधिकारी नहीं होने के कारण परियोजना के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यों के बिल भुगतान लंबित पड़े हुए हैं। इसके अलावा पूरक पोषण आहार जैसे खाद्य सामाग्रियों का वितरण भी दूर दराज से केन्द्रों में नहीं हो पा रहा है।

**ये परियोजना भी अधिकारी विहीन**

कटघोरा शहरी, पाली शहरी, कोरबी, पसान, श्यांग आदि परियोजनाओं में अधिकारियों की पदस्थापना नहीं होने से यहां योजनाओं के संचालन में सुपरवाईजरों के भरोसे किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के अधिकारी इनका सीधा संचालन कर रहे हैं। कुपोषण मुक्त अभियान अधिकांशतः ग्रामीण परियोजनाओं के अंतर्गत संचालन होता है। जहां सर्वाधिक कुपोषित बच्चे परीक्षण के दौरान विभाग को मिलते हैं।

# विकास के नाम पर देश को विनाश की ओर ले जा रही भाजपा : ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस की सरकार इस चुनाव में आप सबको बनाना है। कार्यकर्ताओं और आम जनता के सहयोग से कोरबा लोकसभा और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार काबिज होगी तो देश का विकास होगा।

उक्त बातें लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोड़ानाला, चुहरापारा, सिरदौनपारा, मांझापारा, कुदरीपारा, घोघरापारा, मारगांव जनसंपर्क के दौरान कही। सांसद ने कहा कि आज देशभर में लोगों को जाति-धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है, विकास के नाम पर विनाश की ओर भाजपा की सरकार शहर से लेकर गांव तक को ले जा रही है। उद्योगों के कारण किसानों के लिए खेतिहर जमीन तक नहीं बच रही और लोग बेघर हो रहे हैं। युवाओं के सामने बेरोजगारी की समस्या है तो महिलाओं को मात्र 1 हजार रुपए देकर उनके कीमती वोट को खरीदने के लिए भाजपा ने लालीपॉप थमाया है। सांसद ने कहा कि अपना कीमती वोट सही नेतृत्व चुनने के लिए दें और कांग्रेस का हाथ मजबूत करें।

# जनता मोदी को प्रधानमंत्री चुनने को आतुर : सरोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

क्षेत्र की कांग्रेस सांसद ने पांच वर्षों में कोई काम नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्वगुरु बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उनके 10 वर्षों के कार्यकाल में ही उन्होंने देश को सौ साल आगे लाकर खड़ा कर दिया है और पुनः देश की जनता उन्हें अपना प्रधानमंत्री चुनने को आतूर हैं। महिलाएं अब 33 प्रतिशत आरक्षण से आगे बढ़ गई हैं। निश्चिततौर पर कोरबा लोकसभा क्षेत्र पर भाजपा जीत दर्ज करेगी।

उक्त बातें वार्ड क्रमांक 25 नेहरु नगर में माई जी फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोरबा लोकसभा प्रत्याक्षी सुश्री सरोज पांडेय ने कही। सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि क्षेत्र की जनता उनको मौका देती है तो विकास में कोई कमी नहीं रहने दिया जाएगा। जनमानस की सेवा ही मेरा लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेत्री निधि तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा। जिनमें मोनिका श्रीवास, आशा महंत, निर्मला राठौर, सुधा साहू, संध्या, श्यामता उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रशासन ने...

बाद परिजनों ने विवाह में लगे मंडप को भी हटा दिया। निश्चित रूप से बाल विवाह समाज की जड़ों तक फैली बुराई, लैंगिक असमानता और भेदभाव का ज्वलंत उदहारण है। यह आर्थिक और सामाजिक ताकतों की परस्पर क्रिया-प्रतिक्रिया का परिणाम है।जिन समुदायों में बाल विवाह की प्रथा प्रचलित है वहां छोटी उम्र में लड़की की शादी करना उन समुदायों की सामाजिक प्रथा और दृष्टिकोण का हिस्सा है तथा यह लड़कियों के मानवीय अधिकारों की निम्न दशा दर्शाता है। ऐसे स्थिति से सभी को बचना चाहिए और दूसरों को बचाना भी चाहिए। बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम सन् 1929 में पारित किया गया था। बाद में सन् 1949, 1978 और 2006 में इसमें संशोधन किए गए। इस समय विवाह की न्यूनतम आयु बालिकाओं के लिए 18 वर्ष और बालकों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है।

### सम्मेलन में नई...

सुनील सिंह, सहायक महासचिव नरसिम्हा राव, धर्मेंद्रसिंह, सचिव मनीष नाग, अविनाश सिंह, अभिषेक मिश्रा, पीके वर्मा, संगठन मंत्री अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष ताराचंद कश्यप, स्थाई आमंत्रित सदस्य में आलेख मलिक, लल्लू राव, डी श्रीनिवास, अजय यादव, धर्मेंद्रशाह, फुलेंद्र पासवान, विजय लक्ष्मी चौहान एवं इनके अलावा 101 की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुने गए हैं।

### 46 नग ..

अगरिया, काडरो बागबहार निवासी रामप्रसाद नागवंशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छग कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तहत अपराध दर्ज सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. /बी 121/2023-24
ग्राम-झालकछार, प.ह.नं. 03
तहसील-कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

एतद द्वारा आम जनता ग्राम चाकाबुडा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका चंदाबाई पिता पति स्व. श्री नकूलसिंह जाति कंवर निवासी झालकछार तहसील कटघोरा जिला कोरबा द्वारा अपने पति नकूलसिंह का मृत्यु दिनांक 04.11.2004 को स्थान झालकछार घर में होने का लेख करते हुए स्थानीय रजिस्टार जन्म मृत्यु को मृत्यु प्रमाण पत्र को संबंधित पंजी में दर्ज करने हेतु उप रजिस्टार जन्म मृत्यु निदेर्शित करने बाबत शपथ पत्र पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण पत्र एवं परिशुद्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी ब्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हो तो वह दिनांक 09.04.2024 तक आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है तिथि पोरान्त प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा, कोरबा (छ.ग.)**

3 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 4/3/2024 11:11 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### महाकाल भक्त मंडल का होली मिलन समारोह

**कोरबा।** डॉ. प्रवीण मिश्रा की समिति महाकाल भक्त मंडल कोरबा के तत्वाधान में 31 मार्च को हरिमंगलम में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें व्यवसायी, धार्मिक, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मोदी सम्मिलित हुए। श्री मोदी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सदस्यों को होली मिलन की शुभकामनाएं देते हुए महाकाल भक्त मंडल की प्रशंसा करते हुए बताया कि मंडल के द्वारा प्रदीप मिश्रा के कोरबा में 7 दिवसीय कथा के आयोजन का प्रयास किया जा रहा है एवं निश्चित ही इनके प्रयास से नगर वासियों को महाराज के श्रीमुख से कही जाने वाली कथा को सुनने का शीघ्र ही सौभाग्य प्राप्त होगा। इस अवसर पर दुर्गेश राठौर, शैलेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र तारक, भगवती प्रसाद गोयनका एवं राखी तारक सहित बडी संख्या में मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

### अधिग्रहण के बाद भी प्रभावितों को नहीं मिला मुआवजा



**बरपाली।** पिछले कई सालों से चाम्पा से कोरबा के मध्य एक सड़क का निर्माण टुकड़ों में चल रहा है जिसका नाम राष्ट्रीय राजमार्ग 149 बी है जो काफी बार अपने अनियमित तरीके से सड़क निर्माण के लिए सुर्खियों में रहा है। इस सड़क निर्माण में देरी का मुख्य कारण प्रशासन द्वारा मुआवजा वितरण की सुस्ती है। आज तक अधिग्रहण से प्रभावित सभी लोगों को मुआवजा प्राप्त नहीं हो पाया है जिस जिस स्थान पर मुआवजा के वितरण का कार्य पूर्व में पूर्ण कर लिया गया है वहां सड़क बन कर पूर्णतः तैयार हो चुकी है परंतु जिन स्थानों में प्रशासन द्वारा अभी तक मुआवजा वितरण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। वहां सड़क के नाम पर कुछ भी नहीं बचा है जिससे मार्ग में चलने वाले यात्रियों को धूल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार के द्वारा पानी का छिड़काव किया जा रहा है किंतु गर्मी के दिनों में सड़क पर छिड़के गए पानी को हवा होने में समय नहीं लगता। प्रशासनिक निषक्रियता के कारण चाम्पा से कोरबा के बीच पड़ने वाले गांव के मुख्य चौंक के पास की ही सड़क नहीं बन पाई है जिसके कारण आम जनता काफी परेशान है।

### गौशाला की मांग लेकर सहायक जेल अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन



**कोरबा।** जिले के सभी विकासखण्डों, शहरों व गाँवों में जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। गौवंशों के संरक्षण को लेकर कार्य कर रही गौ सेवा गतिविधि समिति ने जेल में गौवंशों की व्यवस्था हेतु गौशाला निर्माण को लेकर समिति के द्वारा कटघोरा उप जेल की सहायक जेलर को ज्ञापन सौंपा एवं जेल के बाहरी परिसर में गौशाला निर्माण के संबंध में चर्चा की। गौ सेवा गतिविधि संघ के द्वारा इसके पूर्व भी पाली एवं कनकी क्षेत्र में गौ संरक्षण के संबंध में गौर सेवा के संरक्षण और गौशाला निर्माण को लेकर भ्रमण करते हुए स्थानीय ग्रामीणों से इस संबंध में चर्चा कर जिला प्रशासन को अवगत कराया था। समिति के द्वारा जिले में चलने वाली गौ शालाओं का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को गौर सेवा गतिविधि समिति द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला संयोजक लालिमा जायसवाल, सह संयोजक संध्या भारद्वाज, कटघोरा खण्ड संयोजक महेंद्र सिंह राजपूत, प्रशिक्षण प्रमुख विनोद देवांगन, स्नेह लता पटेल, शांत कुमार गभेल, सन्तोष पासवान, मनोज नापित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### दीपका थाना क्षेत्र के सिरकी मोड़ पर हुआ हादसा

# अज्ञात ट्रेलर ने दंपती को मारी टक्कर पत्नी की मौत, पति गंभीर, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





दुर्घटनाकारित वाहन एवं दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी सवार महिला।

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दूसरे तीसरे दिन सड़क हादसे में किसी न किसी की मौत हो रही है। एक अज्ञात ट्रेलर के वाहन ने बाइक सवार दंपति को अपनी चपेट में ले लिया जिससे पत्नी की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं हादसे को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा था और लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। बाद में पुलिस व प्रशासन की समझाइश पर चक्काजाम समाप्त हुआ। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक की खोजबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल दीपका में कार्यरत एसईसीएल कर्मी वीर सिंह व उसकी पत्नी अकेली बाई अपने गृहग्राम सिरकी बाइक में सवार होकर जा रहे थे कि देर रात को किसी अज्ञात ट्रेलर के चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वीर सिंह की पत्नी अकेली बाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल वीर सिंह को उपचार के लिए एसईसीएल के विभागीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया। जिससे दीपका-पाली मुख्य मार्ग बाधित रहा।

बाद में प्रशासन व पुलिस के अफसरों ने ग्रामीणों की मांग पर सहमति दी तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ। दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर चालक की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### ट्रेलर ने स्कूटी को मारी ठोकर, एक की मौत, एक घायल

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई रामपुर निवासी शहीदन बेगम उम्र 45 वर्ष पति शाबिर खान व उसकी परिचित सुनीता स्कूटी वाहन में सवार होकर चांपा से कोरबा लौट रहे थे कि उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली के समीप पहुंचे थे कि पीछे से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएम 3815 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे शहीदन बेगम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुनीता गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा दल बल सहित मौके पर पहुंचे और घायल सुनीता को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जबकि मृत शहीदन बेगम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटनाकारित ट्रेलर वाहन को पुलिस ने जप्त कर लिया है।

# एसी का गैस सिलेंडर फटा एक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक

एक युवक एसी (एयर कंडिशनर ) का गैस सिलेंडर लेकर जा रहा था कि ओवरब्रिज के पास पहुंचा था कि इसी दौरान अचानक एसी के गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे उसकी चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट के बाद मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। जहां मौके पर मौजूद लोगों की मदद से युवक को शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक का उपचार अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत वैशाली नगर निवासी रोहित पटेल 38 वर्ष पिता देवनाथ पटेल व कौशिक सेट्टी एसी बनाने का काम करते हैं। बताया जाता है कि रोहित पटेल दोपहर को कौशिक सेट्टी के साथ एसी का गैस सिलेंडर लेकर टीपी नगर से कोरबा की ओर जा रहे थे कि वह ओवरब्रिज के पास अचानक एसी के गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया और विस्फोट होते ही लोहे के टुकड़े सीधे रोहित पटेल व कौशिक सेट्टी के शरीर में जा घुसे। विस्फोट होते ही वहां पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। पहले तो किसी को कुछ समझ में नहीं आया इसके उपरांत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई और आम राहगीरों की मदद से तत्काल रोहित पटेल को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तलवार लहराता युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी बुधराम जाहिरे अपने गांव के गली में लोहे का कत्तानुमा तलवार को लहराकर लोगों को डरा रहा था। मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और तलवार लहरा रहे बुधराम जाहिरे को रंगेहाथ पकड़ लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# मटका सट्टा का अवैध कारोबार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम ने दो अलग अलग स्थानों में दबिश देकर मटका सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया जो शहर में इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे थे। पुलिस के आला अधिकारियों को मुखबीर से सूचना मिली थी कि मानिकपुर बाईपास रोड स्थित शराब दुकान के पास सट्टा खिलाया जा रहा था। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी जहां पड़ोसी जिला मुंगेली ग्राम चंदखुरी निवासी विक्रमजीत उम्र 32 वर्ष पिता स्वर्गीय वेदराम टंडन के कब्जे से एक मोबाइल फोन को को चेक करने पर साई ऑनलाइन मटका ऐप में ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दाव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला। इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया। इसी तरह सर्वमंगला बरमपुर निवासी गौतम कुमार यादव उम्र 39 वर्ष पिता बंसीलाल यादव के कब्जे से एक मोबाइल फोन जप्त किया गया जिसे चेक करने पर गोल्ड 24 प्रो नामक ऑनलाइन सट्टा आईडी बनाकर रूपए पैसे का दाव लगाकर सट्टा खेलते हुए मिला। इस संबंध में पूछताछ किया गया उसने सट्टा खेलना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से 2 नग मोबाइल को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध, कुल रकम 24 हजार 246 रुपए का ऑनलाइन जुआ सट्टा में लगाया गया है। आरोपियों के विरुद्ध जुआ सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### शराब पीने के लिए नहीं मिले पैसे तो कर ली खुदकुशी

**कोरबा।** एक आदतन शराबी को शराब की इतनी तलब लगी कि उसने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे और जब उसे शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिले तो उसने खुदकुशी कर ली। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा बस्ती निवासी अशोक यादव आदतन शराबी था। मंगलवार को उसने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे और पैसे नहीं मिलने पर अशोक ने खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि अशोक यादव की 15 वर्षीय पुत्री ने भी पिछले वर्ष इसी माह में आत्महत्या कर लिया था।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**कोरबा।** कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासी बबलू उम्र लगभग 30 वर्ष की लाश हसदेव नदी पुल के पास बुधवार की सुबह तैरती हुई पायी गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि नदी के पास ही झोपड़ी बनाकर बबलू 7 वर्ष से रह रहा था। वह मूलतः बैकुण्ठपुर का निवासी था जो विगत 7 वर्ष पहले यहां पहुंचा था। उसके साथ रहने वाली महिला से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात बबलू दिशा मैदान के लिए गया था और उसके बाद वह नहीं लौटा। खोजबीन करने पर उसका शव नदी में तैरता हुआ पाया गया। स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद लोगों के सहयोग से मृतक का शव निकाला गया।

# ट्रेलर ने आधा दर्जन विद्युत पोल को किया धराशायी, बहाल की गई विद्युत व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ठोकर से टूटा विद्युत खंभा।

**खास बात**

- कोरबी चौकी क्षेत्र के ग्राम पोड़ीखुर्द की घटना

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए 11 केवी की लगभग आधा दर्जन विद्युत पोल को धराशायी कर दिया है जिसकी वजह से आसपास के लगभग एक दर्जन गांव में अंधेरा छाया हुआ है। विद्युत विभाग द्वारा धराशायी हुए विद्युत पोल को दुरुस्त कर लिया गया है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले कोरबी (पोड़ीखुर्द) सबस्टेशन से चोटिया की ओर की गई सीएसईबी की विद्युतीकरण 11 केवी का चालू बिजली लाइन को 2 अप्रैल के बीते रात्रि साढ़े 11 बजे के लगभग एक ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए चालू लाईन के खम्भे को जोरदार ठोकर मारने से लगभग आधा दर्जन से अधिक पोल धराशायी हो गए थे जिसकी वजह से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव में विद्युत व्यवस्था ठप हो गई थी। विद्युत विभाग के जेई योगेश श्रीवास अपनी टीम के साथ पहुंचे और धराशायी हुए विद्युत पोल को पुनः खड़ा करने की दिशा पर पहल की गई जहां घंटों मशक्कत के बाद पोल को खड़ा कर लिया गया है और शाम तक क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में पुलिस के पास एफआईआर नहीं कराया गया है। बताया जाता है कि गुरुवार को विद्युत विभाग की टीम एफआईआर कराएगी। इस घटना से विद्युत विभाग को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

# निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित निजी विद्यालय द्वारा नये शिक्षा सत्र में मनमानी तरीके से 20 से 25 फीसदी तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी कर दिया गया है जिसका कोरबा पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से विरोध करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है।

कोरबा पेरेंट्स एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियम अधिनियम 2020 का हवाला देते हुए कहा है कि बगैर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमति के किसी भी स्कूल में 8 प्रतिशत से ज्यादा फीस के बढ़ोतरी नहीं किया जा सकता है लेकिन कोरबा के निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से पालकों से लूट करते हुए फीस में बढ़ोतरी किया गया है। अधिनियम के अनुसार कोई भी स्कूल 8 प्रतिशत से ज्यादा फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकता है लेकिन शहर के कुछ बड़े निजी स्कूल मनमानी करते हुए 20 से 25 परसेंट तक स्कूल फीस में बढ़ोतरी किए हैं। कोरबा पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नूतनसिंह ठाकुर व एडवोकेट मंजीत अस्थाना ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर अभिभावकों से फीस के नाम पर लूट को रोकने की मांग किया है। जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में नियम विरुद्ध तरीके से 8 प्रतिशत से ज्यादा फीस बढ़ाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग किया है।



डीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए।

# गर्मी: अब बदले समय में चलेंगे नौनिहालों के आंगनबाड़ी केन्द्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्र आने वाले जिले के 10 परियोजनाओं के 2650 आंगनबाड़ी केंद्रों से लाभान्वित हो रहे सवा लाख, नोनिहालों सहित आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को चिलचिलाती धूप से राहत मिलेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने गर्मी के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समयावधि में फेरबदल किया है। विभाग द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों, जिला कार्यक्रम अधिकारियों और परियोजना अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 8 अप्रैल से 15 जून तक आगनबाड़ी केन्द्र संचालन का समय 6 घण्टे से घटाकर 4 घण्टे किया जाये। समयवधि में उक्त परिवर्तन करने पर केन्द्र संचालन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक होगा। ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरान्त 16 जून से पुनः आगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रातः 9.30 से 3.30 बजे तक 6 घण्टे के लिये किया जायेगा।कोरबा जिले में डीपीओ रेनू प्रकाश ने विभाग के निर्धारित दिशानिर्देश का सभी सीडीपीओ को कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।



### छात्र दे रहे मतदाता जागरूकता का संदेश

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन में लोकसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव करने कहा जा रहा।




# बढ़ा दिन का पारा, खस से लेकर कूलर-एसी की बढ़ी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- चौक चौराहों में सजी खस की दुकानें, गला तर कर रहे लोग

प्रदेश में इस समय गर्म हवाएं चल रही है और सभी जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है। जिले में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। बीते सालों की तुलना में इस साल अप्रैल महीने में भारी गर्मी पड़ने की संभावना है। बुधवार को सुबह 7 बजे से ही तेज धूप का अहसास शुरू होने लगा था। सुबह 11 बजे से तेज धूप का असर आने लगा है। तेज गर्मी पड़ने के कारण शहर के चौक-चौराहों में जहां खस की दुकानें सजन लगी है। वहीं एसी व कूलर का डिमांड बाजार में तेजी से बढ़ी है।

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। जिले में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार एक द्रोणिका वायु का असांतत्य दक्षिण तमिलनाडु से लेकर आंतरिक कर्नाटक मराठवाड़ा होते हुए पूर्वी विदर्भ औसत समुद्र से 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बीते दिन मंगलवार को दिनभर तेज धूप रही। वहीं प्रदेश के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहा है। राजधानी रायपुर में आज सुबह से ही तेज धूप है। वहीं बीते दिनों सोमवार को यहां अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में नए कूलर व पुराने कूलर के पाट्र्स व खस की बिक्री बढ़ गई है। इन दिनों पुराने कूलर की मरम्मत का कार्य अधिकांश घरों में किया जा रहा है। कूलर में खस और उड़न की नई पट्टी लगवाने का कार्य भी शुरू हो गया। शहर के विभिन्न स्थानों में खस और उड़न की पट्टी बेच रहे कारीगरों के पास लोग इसे खरीदने व कूलर की खस लगवाने पहुंच रहे हैं।



चौक चौराहो में लगी खस की दुकानें।

